पर्चा डिक्री

न्यायालय : सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रैक) भादरा, जिला हनुमानगढ़

पीठासीन अधिकारी : श्रीमती शकुन्तला चौधरी आरएएस

करण सं0 : 65/2023

नवान :

1. होशियारसिंह पुत्र हरीसिंह जाति जाट निवासी ढाका तहसील भादरा।
2. रामकिशन पुत्र हरीसिंह जाति जाट निवासी ढाका तहसील भादरा।
3. परमेश्वरी पत्नी रामनिवास जाति जाट निवासी ढाका तहसील भादरा।
4. विक्रमसिंह पुत्र रामनिवास जाति जाट निवासी ढाका तहसील भादरा।
5. अनु चौधरी पुत्री रामनिवास जाति जाट निवासी ढाका तहसील भादरा।

:— वादीगण

बनाम

1. हरीसिंह पुत्र केशाराम जाति जाट निवासी ढाका तहसील भादरा।
2. सावित्री पुत्री हरीसिंह जाति जाट निवासी ढाका तहसील भादरा।
3. चन्द्रो देवी पुत्री हरीसिंह जाति जाट निवासी ढाका तहसील भादरा।
4. शारदा पुत्री हरीसिंह जाति जाट निवासी ढाका तहसील भादरा।
5. गीता पुत्री कमलेश नवासी हरीसिंह जाति जाट निवासी ढाका त0 भादरा।

:— प्रतिवादीगण

आज यह वाद मुझ शकुन्तला चौधरी सहायक कलक्टर फास्ट–ट्रैक भादरा के समक्ष वकील वादीगण श्री सतवीर पूनियां एवं वकील प्रतिवादीगण श्री मांगेराम हुड्डा की उपस्थिति में निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर एवं वाद वादी सावित होने के कारण मुताबिक राजीनामा डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा ढाका के खाता सं0 132/119 के ख0सं0 114 की 0.051है0, ख0सं0 116 की 2.150है0, ख0सं0 127 की 0.5440है0, ख0सं0 129/1 की 1.834है0, ख0सं0 137 की 3.377है0, ख0सं0 199/1 की 1.733है0 कुल 9.689है0 बारानी वादभूमि प्रतिवादी सं0 1 हरीसिंह के नाम दर्ज है में से प्रतिवादी सं0 1 हरीसिंह का नाम कलमजन कर वादी सं0 1 होशियारसिंह को 2/7 हिस्सा, वादी सं0 2 रामकिशन को 2/7 हिस्सा, वादी सं0 3 ता 5 को संयुक्त रूप से 2/7 हिस्सा व प्रतिवादी सं0 3 चन्द्रोदेवी को 1/7 हिस्सा के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है। चूंकि प्रतिवादी सं0 2, 4, 5 ने अपना हक हिस्सा वादीगण के पक्ष में तथा प्रतिवादी सं0 1 ने अपना हक हिस्सा वादीगण व प्रतिवादी सं0 3 के पक्ष में त्याग कर शून्य कर लिया है। यदि कृषि भूमि बैंक के रहन है तो रहन मुक्त होने के उपरान्त ही उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर रिकार्ड दुरूस्त किया जावे। खर्चा वाद उभय पक्ष अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 10.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

(शकुन्तला चौधरी) R.A.S.
सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रैक)
भादरा, जिला हनुमानगढ़।

Scanned with CamScanner